अमेरिका में खुलेंगे दो नए वाणिज्य दूतावास

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- बॉस्टन और लॉस एंजलिस में होंगे दोनों कार्यालय, इन शहरों में बढ़ी भारतवंशियों की संख्या

अर्चिस मोहन

भारत अमेरिका के बॉस्टन और लॉस एंजलिस में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। बॉस्टन और लॉस एंजलिस में भारतीय मूल के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और वे लंबे समय से इन दोनों शहरों में भारतीय वाणिज्य दूतावास शुरू करने की मांग कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने भारत की गुट-निरपेक्ष विदेश नीति का जिक्र किया और कहा कि वर्षों से भारत ने सभी देशों से समान दूरी रखने की नीति के साथ कदम बढ़ाए हैं। मोदी ने कहा कि मगर वर्तमान परिस्थितियों में भारत सभी देशों के साथ करीबी रिश्ता रख रहा है। उन्होंने कोविड-19 महामारी से लड़ने में भारत के योगदान का भी उल्लेख किया।

न्यूयॉर्क के नसाउ वेटरंस कॉलेजियम में एक घंटे तक चले मोदी के संबोधन में लगभग 13,000 भारतीय-अमेरिकी मूल के लोगों ने शिरकत की। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया में अपना दबदबा नहीं बनाना चाहता है बल्कि सभी के साथ सहयोग करने में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा, 'दुनिया में लगभग सभी मोर्चों पर भारत की भूमिका बढ़ रही है। वैश्विक स्तर पर आर्थिक वृद्धि, शांति, नवाचार, जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिम से निपटने के उपाय और वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखने में भारत की विशेष भूमिका होगी।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूयॉर्क के एमआईटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में टेक सीईओ से मुलाकात की

- बॉस्टन और लॉस एंजलिस में भारतीय मूल के लोगों की बढ़ी संख्या
- मोदी ने न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के लोगों को किया संबोधित
- उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों के साथ सहयोग करना चाहता है
- मोदी ने कहा, आर्थिक वृद्धि, शांति स्थापना सहित सभी क्षेत्रों में बढ़ रही भारत की भूमिका

मोदी ने कहा कि भारत केवल जीडीपी केंद्रित वृद्धि में विश्वास नहीं रखता है बल्कि सभी के लिए मानव मूल्य आधारित विकास का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भारत दुनिया में योग, स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मोदी ने ईशोपनिषद का जिक्र किया और कहा कि भारत ज्ञान सभी के साथ साझा करने, धन सभी के कल्याण और शक्ति सुरक्षा के लिए इस्तेमाल करने में विश्वास रखता है।

मोदी ने कहा, 'भारत संभावनाओं की भूमि है। यहां अब संभावनाओं की कोई कमी नहीं रह गई है। अब यह दुनिया के लिए संभावनाएं पैदा कर रहा है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में युवा एवं 'नई आकांक्षाएं रखने वाले भारत' के लिए महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। इनका उद्देश्य 'पुष्प' यानी उन्नतिशील, अजेय, आध्यात्मिक, मानवीय एवं संपन्न भारत का सपना साकार करना है।

प्रधानमंत्री ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण शुरू करने में भारत के प्रयासों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा, 'भारत स्वदेशी चिप के साथ अधिक से अधिक मोबाइल फोन तैयार करना चाहता है। दुनिया के लिए 'एआई' का मतलब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस है मगर मेरा मानना है कि 'एआई' अमेरिका और भारत के बीच सहयोग की भावना को भी परिलक्षित करता है।

मोदी ने प्रवासी भारतीयों को भारत का दूत बताया। उन्होंने कहा कि विविधता के साथ जीना भारतीयों लोगों की एक खास बात रही है और इस 'एआई' के साथ भारत-अमेरिका का संबंध लगातार मजबूत होता जाएगा। प्रधानमंत्री ने अप्रत्यक्ष रूप से यूरोपीय देशों और चीन की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'दुनिया की कुल आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में है। मगर इसके बावजूद कार्बन उत्सर्जन में हमारा हिस्सा मात्र 4 प्रतिशत है।' उन्होंने कहा कि दुनिया में जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के लिए भारत बिल्कुल जिम्मेदार नहीं है।

बॉस्टन अमेरिका में शिक्षा और दवा उद्योग का प्रमुख केंद्र है और लॉस एंजलिस वहां दूसरा सबसे अधिक आबादी वाली शहर है। भारत में अमेरिका के वर्तमान राजदूत ऐरिक गार्सेटी लॉस एंजिलिस के मेयर रह चुके हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले साल कहा था कि भारत सिएटल में नया दूतावास खोलना चाह रहा है और अब यह काम भी करने लगा है। भारत के पांच अन्य वाणिज्य दूतावास न्यूयॉर्क, अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन और सैन फ्रांसिस्को में हैं। **(साथ में एजेंसियां)**

KINGS AND QUEENS OF CHESS!
Amul
CHECK IT IN BREAD!
Amul The Taste of India
daCunha/AB/977/Hin
भारत ने शतरंज ओलंपियाड 2024 में पुरुष और महिला दोनों में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा!

ऑस्कर के लिए जाएगी फिल्म 'लापता लेडीज'

किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। 'फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है। असमिया फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने आमिर खान और किरण राव द्वारा निर्मित 'लापता लेडीज' को 'सर्वसम्मति' से चुना। राव ने कहा कि वह बेहद सम्मानित और खुश महसूस कर रही हैं। वर्ष 2002 में आई आमिर खान की फिल्म 'लगान' के बाद से कोई भी भारतीय फिल्म ऑस्कर की अंतिम सूची में नहीं पहुंच पाई। **भाषा**

इजरायल का लेबनान में हमला, 100 मरे

इजराइल ने लेबनान में फिर घातक हमला किया है, जिसमें कम से कम 100 लोगों के मारे जाने की खबर है। इजराइल की सेना कहा है कि उसने लेबनान में हिजबुल्ला के 300 ठिकानों को निशाना बनाया।

इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की है कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। इजराइल ने सोमवार को दक्षिण लेबनान के निवासियों से अपने घर खाली करने को कहा था।

लेबनान के अधिकारियों ने कहा कि इजराइल के हवाई हमलों में 100 लोग मारे गए हैं। उधर, विश्व युद्ध में इजराइल के उत्तरी तटीय शहर हाइफा को ओटोमन साम्राज्य से मुक्त कराने के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को होने वाला कार्यक्रम पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निरस्त कर दिया गया है। **भाषा**

भारत संग मिलकर काम करेंगे : अनुरा

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके (56) ने सोमवार को भारत के साथ संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले दिसानायके ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिसानायके को जीत की बधाई देते हुए भारत-श्रीलंका के बीच बहुआयामी सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद जताई थी।

शपथ ग्रहण करने के बाद नए राष्ट्रपति ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने देश में 'पुनजार्गरण' की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा, क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है।' **भाषा**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
www.bankofbaroda.in

निविदा सूचना

अनाधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन/ डिजिटल लेनदेन में धोखाधड़ी की स्थिति में बीमा कवर प्रदान करने हेतु बीमा कंपनी के चयन के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध।

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड और सरकारी ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।

"अन्य सूचना", यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड तथा सरकारी ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 14 अक्तूबर, 2024 है।

स्थान: वडोदरा
दिनांक: 24.09.2024

मुख्य महाप्रबंधक
(डिजिटल चैनल एवं परिचालन)

(73/24-25)

एमपॉक्स के क्लेड-1 स्ट्रेन का पहला मरीज मिला

संकेत कौल

भारत में एमपॉक्स वायरस के क्लेड1 स्ट्रेन से पीड़ित पहला मरीज केरल में मिला है। पिछले सप्ताह एमपॉक्स के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) के मरीज की पुष्टि हुई है, उसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीका में मामले बढ़ने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। सूत्रों ने बताया कि मरीज की हालत फिलहाल स्थिर है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मलप्पुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड 1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है। पीड़ित व्यक्ति हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात से लौटा है और पिछले सप्ताह ही उसमें एमपॉक्स की पुष्टि हुई है।

एमपॉक्स या मंकीपॉक्स पशुओं से मानव में फैलने वाली बीमारी है, जो प्रभावित व्यक्ति के सीधे संपर्क में आने पर संक्रमित कर सकती है। केरल में मिला एमपॉक्स का मरीज देश में दूसरा मामला है।

सबसे बड़ी होगी एमेजॉन सेल!

पीरजादा अबरार

एमेजॉन इंडिया को उम्मीद है कि इस बार का उसका महत्त्वपूर्ण सेल कार्यक्रम एमेजॉन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) अब तक का सबसे बड़ा होगा। इस बार एजीआईएफ 27 सितंबर से शुरू हो रहा है और प्राइम सदस्यों के लिए यह 24 घंटे पहले शुरू हो जाएगा।

इस सालाना कार्यक्रम के लिए कंपनी ने भारी निवेश किया है। कंपनी ने बीते कुछ महीनों में विक्रेताओं की संख्या 14 लाख से बढ़ाकर 16 लाख की है। एमेजॉन के प्लेटफॉर्म पर इस बार विभिन्न श्रेणियों में 25 हजार से अधिक नए उत्पाद पेश किए जाएंगे।

इसके अलावा, एमेजॉन इंडिया ने अपने परिचालन नेटवर्क में 1.10 लाख से अधिक अस्थायी नौकरी के अवसर भी पैदा किए हैं क्योंकि आने वाले त्योहारों से पहले कंपनी देश भर में लाखों ग्राहकों को अपनी सेवा देने के लिए तैयार है। एमेजॉन इंडिया के उपाध्यक्ष (कैटगरी) सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, 'हमें पूरा भरोसा है कि इस साल एजीआईएफ अब तक का सबसे बड़ा सेल इवेंट होगा। पिछले साल इस कार्यक्रम के दौरान हमारे प्लेटफॉर्म पर 1.1 अरब ग्राहक और करीब 40 लाख नए ग्राहक पहुंचे थे। इस साल हमें विश्वास है कि पुराने सभी रिकॉर्ड टूट जाएंगे।'

सौरभ श्रीवास्तव

एमेजॉन की प्रतिद्वंद्वी कंपनी फ्लिपकार्ट पर भी पिछले साल प्रमुख त्योहारी सेल इवेंट द बिग बिलियन डेज (टीबीबीडी) के दौरान रिकॉर्ड 1.4 अरब ग्राहक पहुंचे थे।

मार्केट रिसर्च फर्म डेटम इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल त्योहारों के दौरान भारत में ईकॉमर्स कंपनियां और ऑनलाइन विक्रेता 12 अरब डॉलर के सामान भेज सकते हैं, जो पिछले साल के 9.7 अरब डॉलर के मुकाबले 23 फीसदी अधिक है।

श्रीवास्तव ने कहा कि एमेजॉन इंडिया ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी बिक्री शुल्क में 12 फीसदी तक कमी की है। इससे विक्रेताओं को एमेजॉन पर अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने और अपने कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

ग्राहकों को भी सैमसंग, रियल मी, वन प्लस, इंटेल, सोनी प्ले स्टेशन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पीऐंडजी, लॉरियल, टीसीएल, श्याओमी और आईएफबी जैसे ब्रांडों से ऑफर मिलेंगे। एसबीआई डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई पर 10 फीसदी की छूट मिलेगी। प्राइम सदस्यों को अपने एमेजॉन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट के जरिये खरीदारी करने पर 5 फीसदी का कैशबैक मिलेगा।

श्रीवास्तव ने कहा कि ब्रांड और विक्रेता इस बार ग्राहकों को फैशन ऐंड ब्यूटी, होम ऐंड किचन, इलेक्ट्रॉनिक्स ऐंड अप्लायंस जैसी श्रेणियों में उत्पादों पर 80 फीसदी तक छूट की पेशकश करने वाले हैं।

ईवाई कर्मी की मौत : वित्त मंत्री ने बयान पर साफ किया रुख

रुचिका चित्रवंशी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ईवाई में एक महिला कर्मचारी की मौत पर अपने पिछले बयान पर उठे सवाल के बाद रुख साफ किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वह केवल बच्चों को मदद देने में संस्थानों एवं परिवारों की भूमिका पर जोर दे रही थीं न कि किसी व्यक्ति विशेष का उल्लेख कर रही थीं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि उनका इरादा पीड़िता पर टिप्पणी करना नहीं था।

सीतारमण ने कहा, 'ईवाई में काम करने वाली 26 वर्षीय ऐना सेबास्टियन की मौत पर मुझे बेहद अफसोस हुआ। मैंने बच्चों को मुश्किल हालात में साथ देने में संस्थानों एवं परिवारों की भूमिका का उल्लेख किया था। पीड़िता पर किसी तरह की टीका-टिप्पणी का मेरा कोई इरादा नहीं था।' सीतारमण ने चेन्नई में शनिवार को एक शैक्षणिक संस्थान में तमिल में दिए अपने भाषण पर अपना रुख स्पष्ट कर रही थीं। उन्होंने कहा, 'उस शैक्षणिक संस्थान ने सभी संकायों एवं छात्रों के लिए एक ध्यान कक्ष एवं प्रार्थना स्थल तैयार किया है। इसी संदर्भ में मैंने जिक्र किया था कि छात्रों को अंदर से मजबूत बनाना जरूरी है।'

वित्त मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा था कि चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसी कठिन परीक्षा पास करने के बाद उस पर अत्यधिक दबाव था।

੧ਓ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ
पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
Where service is a way of life
शाखा : विवेकानंद स्कूल (डी–0901) बी–140, आनंद विहार नई दिल्ली–110092
Phone: 011-22162033 E-mail: D0901@psb.co.in

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए) (नियम 8(1) देखें)

चूंकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में पंजाब एंड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारी मौजूदा अधोहस्ताक्षरी ने उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर मौजूदा सूचना में वर्णित **रु. 8,54,346.39/– (रुपए आठ लाख चौवन हजार तीन सौ छियालीस और पैसे उनतालीस केवल)** का भुगतान करने के लिए ऋणी(यों) व गारंटर(ओं) **(1) श्री प्रीतम सिंह पुत्र श्री महेंद्र सिंह (2) श्रीमती अनिता पत्नी श्री प्रीतम सिंह (3) श्री जगबीर सिंह पुत्र श्री जगपाल सिंह** को बुलाने के लिए मांग सूचना दिनांक **29.02.2024** जारी की थी।
ऋणी राशि का भुगतान करने में असफल रहे, एतद्द्वारा ऋणी और सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में यहां नीचे वर्णित संपत्ति पर **19.09.2024 को दोपहर 3.20 बजे** कब्जा ले लिया है।
विशेष रूप से ऋणी और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेन–देन भावी लागत, ब्याज व व्ययों आदि सहित 29.02.2024 तक रु. 8,54,346.39/– की राशि के लिए **"पंजाब एंड सिंध बैंक" (बीओ : विवेकानंद स्कूल शाखा)** के प्रभार का विषय होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूतित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के लिए आमंत्रित है।

संपत्ति की अनुसूची
अचल संपत्ति का विवरण
अचल गिरवी संपत्ति के सभी भाग व पार्सल : – अपर ग्राउंड फ्लोर छत अधिकारों के बिना, संपत्ति बियरिंग नं. ए–96 भूमि माप 40 वर्ग यार्ड कुल 100 वर्ग यार्ड में से, खसरा नं. 8/14 व 15 का भाग, गांव मटियाला, जैन पार्क के रूप में ज्ञात आबादी, उत्तर नगर, दिल्ली–110059 के क्षेत्र में स्थित, आप प्रेषिती नं. 2 अर्थात् श्रीमती अनिता पत्नी प्रीतम सिंह से संबंधित। टाइटल डीड : बिक्री डीड दिनांक 07.01.2016 उप रजिस्ट्रार एसआर ।।बी जनकपुरी, दिल्ली के समक्ष विधिवत पंजीकृत, पंजी. नं. 246, बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 1073 पेज 143–152 पर 07.01.2016 को रजिस्टर किया गया
संपत्ति की सीमाएं निम्नानुसार : पूर्व : दूसरों का प्लॉट, पश्चिम : प्लॉट का भाग, उत्तर : रोड 30 फुट, दक्षिण : रोड 15 फुट

दिनांक: 19.09.2024, स्थान : दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एंड सिंध बैंक**

BSmartJOBS
And that's all you need to find the future business leaders
Access top candidates from 200+ B-schools with ease.
#RightHireRightNow
HIRING MADE EASY
Connect with top B-School students for internships and jobs.
Gain access to a nationwide network of 200+ business schools.
Engage students through competition hosting and other interactive activities.
Post jobs directly to streamline and simplify your hiring process.
Access 200+ B-schools, 40,000+ Students.
TAPMI
IMI NEW DELHI
XLRI
MDI GURGAON
NMIMS
XIME
and more.
For inquiries, bsmartsupport@bsmail.in | 73000 62229
To know more, visit bit.ly/BSmartJobs or scan the code
Business Standard 50 Years of Insight
businessstandard
bsindia
business.standard
business-standard.com